# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मई 2022




नगर पालिक निगम भिलाई

# विधायक देवेंद्र यादव की पहल से भिलाई को मिलेगा एक और अंग्रेजी माध्यम स्कूल की सौगात भिलाई।

भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव जब महापौर थे तब उन्होंने भिलाई के सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाने का सपना देखा था,जो उनके अथक प्रयासों से अब सफल होते जा रहा है। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से भिलाई शहर को एक और अंग्रेजी माध्यम स्कूल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल की सौगात मिलने वाली है। शा.उ.मा.विद्यालय छावनी को स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाया जाएगा। इसमें से एक शा.उ.मा.विद्यालय छावनी भी शामिल होगा। इसलिए यहां के बेहतर संसालन के संबंध में बैठक कर चर्चा की गई। करीब 1 घंटे तक चली चर्चा में विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने से क्षेत्र के सामान्य वर्ग के पालकों को काफी लाभ होगा। जो लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा नहीं पाते हैं। वे पालक अपने बच्चों को इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ा सकेंगे। शासन यहां प्राइवेट स्कूल की तरह हाई क्लास सुविधा मुहैय्या कराएगी। जो की बड़ी ही सराहनीय पहल है। आजतक प्रदेश व देश के इतिहास में शिक्षा के लिए ऐसी सराहनीय पहल किसी ने नहीं की थी, लेकिन इस असंभव कार्य को हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री ने संभव कर दिखाया है और अब गरीब परिवार का बच्चा भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ पा रहे हैं।



# भिलाई शहर के खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी, समर कैंप-खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए आज से पंजीयन प्रारंभ

भिलाई नगर/ खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेलबो जीतबो अऊ गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा के साथ नगर निगम भिलाई के सभी क्षेत्रों के विकसित खेल मैदानों में पहली बार खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन महापौर नीरज पाल के निर्देश पर हो रहा है। आज से पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। कुशल कोच के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। पंजीयन खेल मैदानों में ही कोच के माध्यम से होगा। पंजीयन के साथ ही प्रशिक्षण शिविर भी प्रारंभ हो गया है और 8 जून तक यह आयोजित होगा। खिलाड़ियों को अब उचित प्रशिक्षण नहीं मिलने के अभाव से वंचित नहीं होना पड़ेगा। भिलाई के खेल मैदानों से निकले कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो खेल मैदानों से प्रशिक्षित होकर अपना दमखम देश-विदेश में दिखा रहे हैं और शहर का परचम लहरा रहे हैं। आरंभिक स्टेज में एक बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है जिसको देखते हुए समर कैंप ऐसे खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगा। उल्लेखनीय है कि कोविड संक्रमण के दौरान खेल गतिविधियां बंद सी हो गई थी, परंतु अब संक्रमण की वर्तमान स्थिति को देखते हुए खिलाड़ियों के बेहतर प्लेटफार्म मिलेगा।



## बेदखली टीम ने दो जगहों पर की बेदखली कार्रवाई, बाबा दीप सिंह नगर में नाली व सड़क पर अवैध कब्जा को टीम ने हटाया

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने घर के सामने सड़क पर कब्जा कर आवागमन को बाधित करने तथा नाली के उपर रेम्प बनाकर पानी निकासी बाधक करने की शिकायत पर दो अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ कर स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त ने शहर को अतिक्रमणमुक्त व स्वच्छ बनाए रखने के लिए बेदखली अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। तीन दर्शन मंदिर के पीछे शास्त्री नगर वार्ड में उमा देवी पाटिल ने नाली पर शौचालय बना लिया था। वहीं लोगों की शिकायत थी कि जोन 2 अंतर्गत बाबा दीप सिंह नगर में राजेश्वरी जन बंधु ने भी नाली व सड़क पर अवैध कब्जा कर लिया है



# भिलाई शहर का एक ऐसा वार्ड जहां जल स्रोत के लिए भरपूर है कुएं, गर्मी के दिनों में भी पानी की मात्रा में कमी नहीं, टैंकरों की भी जरूरत नहीं

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत एक ऐसा वार्ड जिसमें घर-घर में बहुतायत मात्रा में कुएं बने हुए हैं। जल स्रोत का बेहतर साधन इस वार्ड में दिखाई देता है। खुर्सीपार जोन क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर में घरों और सार्वजनिक स्थानों पर कुएं बने हुए है और इन कुवों में गर्मी के दिनों में भी आश्यकता के अनुरूप पानी की मात्रा भरपूर है। कुआं वाटर रिचार्ज का एक बेहतर जल स्रोत है। शहीद वीर नारायण सिंह नगर के काफी लोग इसी पानी का उपयोग निस्तारी एवं दैनिक उपयोग के लिए वर्षो से करते आ रहे हैं। ज्यादातर कुओं में नीचे मुरूम है जिससे पानी शुद्ध मिलता है। निगम के खुर्सीपार जोन के कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े ने आयुक्त को जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्ड में कभी भी टैंकर की जरूरत नहीं पड़ी, इसका कारण है कि कृत्रिम जल स्रोत का एक बड़ा माध्यम इस वार्ड क्षेत्र में मौजूद है। लोगों ने बताया कि 15 से 20 कुआं इस वार्ड में निर्मित है, हालांकि अधिकतर लोग यहां पर पीने का पानी का उपयोग निगम द्वारा दिए गए नल कनेक्शन से ही करते हैं, इतना बड़ा वार्ड होने के बावजूद भी यहां पानी की समस्या उत्पन्न नहीं हुई, खुर्सीपार पानी टंकी से इस वार्ड क्षेत्रों के लोगों को पानी दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकार, उपअभियंता नितेश मेश्राम व बसंत साहू आदि मौजूद रहे।



# जन समस्या निवारण शिविर में 11 आवेदनों का त्वरित हुआ निराकरण, विद्युत पोल में लाइट लगाने के लिए किया आवेदन

भिलाई नगर/ जन समस्या निवारण शिविर में आज आर.के. दुबे एवं परमेश्वर चंद्राकर ने विद्युत पोल में लाइट लगाने के लिए शिविर में आवेदन किया। आधे घंटे के भीतर विद्युत पोल में लाइट लगा दी गई और आवेदक के आवेदन की समस्या का निराकरण कर दिया गया। लोगों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए महापौर नीरज पाल के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जहां लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का शीघ्रता से निराकरण भी किया जा रहा है। शुक्रवार को इन केंद्रों में लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर दिनांक 20 मई 2022 को जोन क्रमांक 1 अंतर्गत वार्ड क्रं. 08 कृष्णा नगर पुराना वार्ड कार्यालय कृष्णानगर, जोन 02 अंतर्गत वार्ड क्रं. 23 घॅासीदास नगर दुर्गा मंच, जोन 03 अंतर्गत वार्ड क्रं. 36 श्याम नगर महामाया मंदिर परिसार श्याम नगर, जोन 04 अंतर्गत वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण नगर उड़िया भवन में जन समस्या निवारण शिविर लगेगा, जहां अपनी समस्याओं को लेकर आम नागरिक आवेदन दे सकेंगे और समाधान पा सकेंगे।



## बारिश पूर्व नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण, मॉर्निंग विजिट में सफाई व्यवस्था देखने भी पहुंचे

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आज नाला सफाई को लेकर विभिन्न क्षेत्रों का धुआंधार दौरा किया। जिन क्षेत्रों में बारिश के वजह से जलभराव की समस्या होती है उन क्षेत्रों के बड़े नालों को प्राथमिकता क्रम पर सफाई कराई जा रही है।इंदु आईटी के समीप स्थित नाला का निरीक्षण आयुक्त ने किया। नाला का कचरा निकाल कर इसका चौड़ीकरण किया जा रहा है आयुक्त ने पुल के नीचे के मलबे को हटाकर विस्तृत सफाई करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने बीएसपी क्षेत्र के नाले का भी निरीक्षण किया, जलकुंभी की वजह से नाला का यह पानी माइलस्टोन स्कूल के समीप स्थित पूल में जमा होकर बारिश के दिनों में जाम हो जाता है। वहीं निगमायुक्त बीएसपी के सेक्टर 8 पहुंचे वहां पर कुछ स्थानों पर उन्होंने कचरा जमा देखा इस पर उन्होंने सफाई करवाने के निर्देश मौके पर अधिकारियों को दिए। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे प्रतिदिन मॉर्निंग विजिट में सफाई एवं पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेने वार्ड क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं और जहां पर भी समस्याएं परिलक्षित होती है उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान कर रहे हैं।



# जहां बनना है सार्वजनिक शौचालय वहां पर कर रहे थे अतिक्रमण, निगम के राजस्व विभाग की टीम ने की तोड़फोड़ की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 03 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने संतोषी पारा में अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा कसने बेदखली की कार्रवाई किए। संतोषीपारा में जिस स्थान पर सार्वजनिक शौचालय बनाया जाना है उस स्थल पर एक व्यक्ति द्वारा बाउंड्रीवाल बनाकर अतिक्रमण कर लिया था, जिसे तोड़फोड़ कर बेदखली की कार्यवाही की गई। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने अधिकारी/कर्मचारियों की टीम बनाई है जो ऐसे कार्य करने वालों की नजर रखते हुए उन पर कार्यवाही कर रहे है। निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने की शिकायत मिलने पर मामले को गंभीरता से लेकर राजस्व विभाग द्वारा कार्यवाही की जाती है ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालो को रोका जा सके। जोन 03 के सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी ने बताया कि जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ कार्यवाही की गई। अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए गए थे बावजूद नहीं हटाने पर आज जोन 03 के राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उस व्यक्ति द्वारा बनाए गए बाउंड्रीवाल को तोड़फोड़ कर बेदखल किया गया। कार्यवाही के दौरान जोन 03 राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निगम की तोड़ूदस्ता ने ढहाई केम्प 2 मटन मार्केट में अतिक्रमण कर बनाई दुकानें

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने निगम की टीम द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त शहर को अवैध कब्जों से मुक्त करने के साथ ही स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की दिशा में प्रयासरत हैं व इसके लिए वे निगम की गठित बेदखली टीम को निर्देश दे रखे हैं। वहीं आयुक्त ने निगम अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि कहीं भी अतिक्रमण की शिकायत आती है तो उनका निरीक्षण कर वास्तविकता का पता लगाए और जल्द बेदखली कार्रवाई की जाए। आज निगम की तोड़ूदस्ता ने जोन 3 क्षेत्रांतर्गत केम्प 2 शीतला कॉम्पलेक्स के पास मटन मार्केट में तोड़फोड़ की कार्यवाही की। वहां के व्यवसायियों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोगों द्वारा मटन मार्केट में बाजार की अतिरिक्त खाली जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है और दुकान का निर्माण कर मांस का विक्रय किया जा रहा है। मार्केट में अतिक्रमणकारियों द्वारा लंबे समय से लगभग 10 बाई 8 की दो दुकानें बनाकर मांस बेचा जा रहा था। आज जोन 3 आयुक्त येशा लहरे के दिशा-निर्देशन में निगम की तोड़ूदस्ता ने छावनी पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी से दो व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर बनाई गईं दुकानों को ढहाया गया। उल्लेखनीय है कि नोटिस देने के बाद भी कब्जा नहीं हटाया जा रहा था। आज राजस्व विभाग और विशेष तोड़ूदस्ता की टीम के संयुक्त प्रयास से अतिक्रमण को हटाया। तोड़फोड़ कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सोरी, रोहित यादव, मनहरण साहू व दिनेश सहित जयंत मेश्राम आदि शामिल थे।



# घर पहुंच सेवा देने वाले मितानों को दक्षता बढ़ाने मिला प्रशिक्षण दस्तावेजों का परीक्षण व ऑनलाइन प्रक्रिया को शीघ्रता से निपटाने दिए गए टिप्स

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिकों को सुविधा देने शुरू की गई मितान योजना को और बेहतर बनाने आज उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। घर पहुंचकर विभिन्न तरीके के प्रमाण बनाने की सुविधा प्रदान करने वाले मितान की दक्षता को बढ़ाने दस्तावेजो का परीक्षण एवं ऑनलाइन प्रक्रिया को शीघ्रता से निपटाने के लिए विशेषज्ञों द्वारा टिप्स दिए गए। इस दौरान उन्होंने बताया कि हितग्राही से लिए आवेदनों को ऑनलाइन अपलोड करते समय दस्तावेजों में अंकित नाम और भरे जाने वाले नामों को ध्यानपूर्वक मिलान के पश्चात ही आवेदन सबमिट करे। गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी ने प्रदेश के सभी 14 निगमों में मुख्यमंत्री मितान योजना प्रारंभ की है। जिसमें कुल 13 प्रकार के प्रमाण पत्र महज कुछ ही समय में घर बैठे प्राप्त किये जा सकेगे। इच्छुक जनो को टोल फ्री नंबर 14545 नम्बर पर केवल एक बार कॉल करना है। शिविर में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, डाटा सेंटर प्रभारी तपन अग्रवाल, प्रोग्रामर अशोक, रतन पात्रो, लोक सेवा केन्द्र से जैजल एवं स्टाफ उपस्थित थे।



# सी मार्ट में रखे जाएंगे विक्रय के लिए बेहतर प्रोडक्ट

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज सी मार्ट में विक्रय के लिए रखे जाने वाले उत्पादों को लेकर बैठक में अधिकारियों द्वारा टिप्स दिए गए। वही प्रोडक्शन से लेकर विक्रय तक की प्रक्रिया को लेकर चर्चा की गई। सी मार्ट में क्वालिटी प्रोडक्ट वाले सामग्री विक्रय के लिए रखे जाएंगे जिसके लिए जिला वन मंडलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन एवं आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के मिशन मैनेजर और सहायक परियोजना अधिकारी तथा इससे जुड़े महिलाओं को गुर सिखाए। जिला वन मंडलाधिकारी ने लघु वनोपज के बारे में जानकारी दी, वही जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन ने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाएं जो उत्पाद तैयार कर रही है उसकी एरिया लेवल फेडरेशन के माध्यम से मानिटरिंग हो, उन्होंने कहा कि सी मार्ट में बेहतर क्वालिटी के प्रोडक्ट्स रखे जाएंगे, स्व सहायता समूह की महिलाएं पहले से ही घरेलू सामग्रियां तैयार कर रही है, इन प्रोडक्ट की क्वॉलिटी मेंटेन करते हुए इसकी ब्रांडिंग की जानी भी आवश्यक है।आज की बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, वन विभाग से आशीष हरमुख, कार्यपालन अभियंता संजय बांगड़े, एनयूएलएम के सहायक परियोजना अधिकारी फणींद्र बोस एवं मिशन मैनेजर आदि उपस्थित रहे।



# निगम प्रशासन ने 05 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 05 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को एकजुट होकर कोरोना काल से निपटने के लिए प्रेरित किए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए और सेवानिवृत्त होने के बाद अब आप सभी पूरे परिवार के साथ अच्छा जीवन बिताएं और अपने अनुभवों के साथ समाज के अच्छे कार्यों में सहभागी बने।




**Editorial Board**

**श्री प्रकाश कुमार सर्वे**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री पी.सी सार्वा**
**जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**